हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री



4 विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



## खबर संक्षेप

### टीबी मरीजों को किया गया फूड बास्केट का वितरण

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत योजना के तहत मंगलवार को सिविल अस्पताल खरसिया में 50 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। टीबी मरीजों को पोषण सामग्री से युक्त फूड बास्केट प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायता करना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य अमले द्वारा सभी मरीजों को नियमित रूप से दवाई का सेवन करने, पौष्टिक आहार लेने एवं समय समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी गई। साथ ही, उपस्थित चिकित्सकों ने टीबी जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और जागरूकता के लिए समुदाय को सहयोग करने का आह्वान किया।

### 282 ग्राम पंचायत होंगे बाल विवाह मुक्त

**रायगढ़।** जिले के 282 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की तैयारी की जा रही है। इन गांवों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। किसी प्रस्तावित ग्राम पंचायत में विगत दो वर्षों में बाल विवाह होने की कोई जानकारी या प्रमाण उपलब्ध हो तो दावा किया जा सकता है। साल 2025-26 में जिले के 40 फीसदी ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 282 ग्राम पंचायतों से विगत दो वर्षों के दौरान बाल विवाह नहीं होने का प्रस्ताव मिला है। इन पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। प्रस्तावित ग्राम पंचायत में बीते दो सालों में बाल विवाह होने की कोई जानकारी या प्रमाण की मांग की गई है।

### दीपा इंजीनियरिंग वर्क्स के खिलाफ प्रदर्शन

**राउरकेला।** दीपा इंजीनियरिंग वर्क्स में वर्ष 2016 से कार्यरत ठेका श्रमिकों को बिना नोटिस कार्य से हटाए जाने और उनका बकाया भुगतान रोकने के विरोध में मंगलवार को श्रमिकों ने राउरकेला के सेक्टर 5 स्थित क्षेत्रीय श्रम आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। यह विरोध कार्यक्रम आरआईजेएस राउरकेला इस्पात कर्मचारी संघद्ध के बैनर तले आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व इस्पात कर्मचारी संघ के साधारण सचिव रमेश साहू ने किया।

## इस सीजन में 52 हजार 364 हितग्राहियों ने किया था तेंदूपत्ता संग्रहण

# संभाग के 8 वन मडलों को पछाड़ कर तेंदूपत्ता भुगतान में नंबर 1 बना धरमजयगढ़ मंडल

**43.25 करोड़ का हुआ भुगतान, 59 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के माध्यम से की गई थी खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तेंदूपत्ता भुगतान में बिलासपुर संभाग के 8 वन मंडलों को पीछे छोड़ धरमजयगढ़ वन मंडल नंबर वन बन गया है। रायगढ़ भी पीछे हो गया है, जबकि एक ही जिले में दोनों वन मंडल आते हैं। एक ही वन मंडल में एक के पीछे होने से रायगढ़ वन मंडल की किरकिरी हो रही है। इस सीजन में 52 हजार 364 हितग्राहियों ने तेंदूपत्ता का संग्रहण किया, जिसमें विभाग उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से 43 करोड़ 25 लाख 96 हजार 532 रुपए का भुगतान किया गया है। धरमजयगढ़ वन मंडल में 59 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति हैं।

इस साल संग्रहण का लक्ष्य 82 हजार 600 मानक बोरा था। संग्रहण का काम 5 से 25 मई तक चला। जिसमें 52 हजार 364 संग्राहकों द्वारा 78 हजार 653.900 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया। भुगतान 15 मई से शुरू हुआ था और 12 अक्टूबर तक पूरा कर लिया गया। लघु वनोपज संघ द्वारा 5500 मानक बोरा के हिसाब से सभी संग्राहकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 43 करोड़ 25 लाख 96 हजार 532 रुपए का भुगतान किया गया है।



धरमजयगढ़ वन मंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम शतप्रतिशत हो गया है। बिलासपुर संभाग में धरमजयगढ़ ही सर्वप्रथम पूर्ण भुगतान करने वाला वन मंडल है।
**जितेन्द्र उपाध्याय, डीएफओ, धरमजयगढ़**

### पहले ही बांट चुके थे चरण पादुका

चरणपादुका पूरे संग्राहकों को पहले ही विभाग द्वारा बांटा जा चुका था। इस बार सभी 52 हजार 364 संग्राहक महिलाओं को एक-एक जोड़ी जूती दिया गया। जिससे उन्हें तेंदूपत्ता संग्रहण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

### यहां हैं 59 समितियां

| गांव | - | समितियां |
|---|---|---|
| लैलूंगा | - | 18 |
| कापू | - | 04 |
| धरमजयगढ़ | - | 11 |
| बोरो | - | 07 |
| छाल | - | 13 |
| बाकारूमा | - | 06 |

### बिलासपुर संभाग में हैं 9 वन मंडल

बताया जा रहा है कि बिलासपुर संभाग में बिलासपुर, मुंगेली, मरवाही, कोरबा, कटघोरा, रायगढ़, धरमजयगढ़, जांजगीर-चांपा व अनु एवं विस्तार वनमंडल बिलासपुर मिलाकर 9 वन मंडल हैं। जिसमें धरमजयगढ़ ही सर्वप्रथम पूरा भुगतान करने वाला वन मंडल बन गया है।

### ईएमआरएस नेशनल स्पोर्ट्स मीट शुरू

**राउरकेला।** शहर के बिसरा चौक स्तिथ बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में मंगलवार को ईएमआरएस एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। देशभर के 25 से अधिक राज्यों के डेढ़ सौ से अधिक आदिवासी बहुल जिलों के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों से आए 5000 आदिवासी छात्र खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेकर खेल भावना और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने किया। उद्घाटन समारोह में सुंदरगढ़ के कलेक्टर डॉ. सुभंकर मोहापात्रा, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कोच तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत रंगारंग परेड मार्च से हुई, जिसके बाद भारत की जनजातीय कला, संस्कृति और विरासत को दर्शाने वाली मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## शराब के लिए रुपए नहीं देने पर जानलेवा हमला




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस ने मारपीट और लूट की नीयत से की गई वारदात के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। मामले की शुरुआत सोमवार को तब हुई जब ग्राम कलमी तेंदुडीपा निवासी तनीष चौहान पिता ऋषि कुमार चौहान 19 वर्ष ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसी दिन सुबह से ही मोहल्ले का युवक अजय यादव शराब पीने के लिए उससे पैसे की मांग कर रहा था। जब उसने पैसे देने से इंकार कियाए तो रात करीब 9 बजे खाना खाकर घर के बाहर टहलते समय अजय यादव फिर पहुंचा और दोबारा शराब के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और अपने दाहिने हाथ में पहने कड़े से तनीष के माथे व सिर के पीछे वार किया। झगड़े के दौरान आरोपी ने तनीष की जेब में रखे 500 रुपए जबरदस्ती निकाल लिए और मौके से फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतरारोड़ पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कलमी तेंदुडीपा में दबिश दी और आरोपी अजय यादव पिता यादव प्रसाद यादव 22 वर्ष निवासी ग्राम कलमी तेंदुडीपा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**सभी थानों की पुलिस ने रात भर दिया पहरा, एनएच, एसएस में एमसीपी लगाकार चलाया विशेष सर्चिंग**

## दिल्ली बम ब्लास्ट, रायगढ़ में भी हाई अलर्ट, पुलिस ने की रात भर चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दिल्ली के लाल किले के पास कार में बम ब्लास्ट के बाद रायगढ़ में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सोमवार को जिले के सभी थानों की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रातभर पहरा दिया। वहीं नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे व मुख्य मार्गों में एमसीपी (मोटर चेकिंग प्वाइंट) लगाकर विशेष सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधयों पर कड़ी निगरानी रखी गई।

सोमवार की देर शाम देश की राजधानी दिल्ली के लाल किले के मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में विस्फोट हो गया। जिसमें कई लोग हताहत हुए और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद रायगढ़ में भी हाई अलर्ट देखने को मिला। जिले में शांति व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनज़र एसपी दिव्यांग पटेल ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने और अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय पेट्रोलिंग के साथ लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सोमवार की देर शाम से ही जिलेभर में पुलिस ने व्यापक जांच अभियान शुरू किया, जिसके तहत नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे और थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर मोटर चेकप्वाइंट स्थापित कर वाहनों की सघन जांच की गई। रातभर चले इस अभियान में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस बल ने चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों की गहन जांच की। पुलिसकर्मियों ने गुजरने वाले वाहनों के नंबर, चालकों की पहचान, वाहन दस्तावेजों और परिवहन की जा रही वस्तुओं की जांच करते हुए संदिग्ध तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। कई स्थानों पर पुलिस ने रैंडम चेकिंग के साथ सर्चिंग अभियान भी चलाया। यह पूरी कार्रवाई देर रात तक जारी रही।





### संदिग्ध परिस्थितियों की यहां दे सकते हैं सूचना

पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल साझा करें। इसके लिए लोग सीधे नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले नागरिक की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और हर शिकायत पर त्वरित व ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### इंटेलिजेंस की टीम रख रही है नजर

इंटेलिजेंस रायपुर की टीम पूरे प्रदेश में नजर रखी हुई है। प्रदेश के सभी जिलों के एसपी से लगातार मीटिंग लेकर जानकारी ली जा रही हैं। वहीं सुरक्षा के उपायों को लेकर उन्हें निर्देश भी दिया जा रहा है। इंटेलिजेंस के निर्देश पर ही रायगढ़ सहित अन्य जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

### रेलवे स्टेशन में भी चलाया गया अभियान

बिलासपुर रेल मंडल से मिले निर्देश के बाद सोमवार की रात रायगढ़ रेलवे स्टेशन में भी विशेष सर्चिंग अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वायड के साथ आरपीएफ की टीम द्वारा सारे प्लेटफार्म सहित ट्रेनों की जांच की गई। आरपीएफ प्रभारी कुलदीप कुमार का कहना है कि यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा।

जिले की सीमाओं और मुख्य मार्गों पर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधि को रोका जा सके। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि रात्री गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से चेकप्वाइंट लगाए जाएं।
**दिव्यांग पटेल,** एसपी, रायगढ़

## स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायगढ़ रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने मंगलवार को बिलासपुर रेल मंडल के जीएम अधिकारियों की टीम के साथ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म से लेकर सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया और अधिकारी-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 16 करोड़ रुपए की लागत से रायगढ़ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। इसमें एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं में पार्किंग एरिया, लिफ्ट, वेटिंग हॉल, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा यहां स्थानीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली चित्रकारी भी स्टेशन भवन में की जाएंगी। इस काम को दो साल से अधिक का समय बीत गया है। इसी क्रम में मंगलवार को बिलासपुर रेल मंडल के जीएम तरूण प्रकाश, डीआरएम राजमाल खैवाल, पीसीसीएम प्रवीण पांडेय व गतिशक्ति के अधिकारी साउथ बिहार के विशेष सैलून से रायगढ़ पहुंचे। जहां दो दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम के साथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा प्लेटफार्म नंबर 1 के अलावा सर्कुलेटिंग एरिया का भी जायजा लिया गया। वहीं धीमे निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी जताई और को समय सीमा पर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने निर्देश दिया गया।



## महिलाओं की अगुवाई में नशामुक्ति की ओर बढ़े गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध शराब उन्मूलन एवं नशा विरोधी अभियान को लेकर सतत और सशक्त प्रयास जारी हैं। प्रतिदिन थाना और चौकी क्षेत्र के पुलिस अधिकारी अपने अमले के साथ गांव-गांव पहुंचकर चौपाल लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा रहे हैं तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला समितियों का गठन कर रहे हैं। इन समितियों के माध्यम से अब गांवों में नशामुक्त वातावरण तैयार हो रहा है और सामाजिक सौहार्द में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

महिला समिति के सदस्य नशे के खिलाफ इस अभियान की प्रमुख शक्ति बन गई हैं। वे पुलिस टीमों के साथ मिलकर गांवों में निरंतर गश्त करती हैं, शराब बनाने और बेचने वालों पर पैनी नजर रखती हैं और पुलिस को हर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत देती हैं। कई स्थानों पर इन महिला समितियों ने स्वयं आगे बढ़कर अवैध शराब बनाने वाले स्थलों की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए शराब जब्त की और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। इस सक्रियता के परिणामस्वरूप अब गांवों में अवैध शराब की उपलब्धता में भारी कमी आई है। नशे के कारण होने वाले घरेलू विवाद और आपसी झगड़े में कमी आ रही है। ग्रामीणों में जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित हुई हैं, वहीं महिलाएं अपने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होकर प्रेरक उदाहरण पेश कर रही हैं।



**सुनवाई पूरी, एक महीने के भीतर की गई थी इन उद्योगों में जांच**

## 7 उद्योगों पर श्रम न्यायालय ने लगाई 11 लाख पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुरक्षा मानकों को दरकिनार करने वाले जिले के 07 उद्योगों पर श्रम न्यायालय ने 11 लाख पेनाल्टी लगाई है। इन उद्योगों पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दायर किया था। इन मामलों की सुनवाई हुई और न्यायालय ने आपराधिक प्रकरणों में दोषी पाया। इसके लिए प्लांट प्रबंधनों को अर्थदंड से दंडित किया है। इन प्लांट प्रबंधनों के खिलाफ बीते दो महीने के भीतर याचिका दायर की गई थी।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल ने बताया कि दो महीने के भीतर इन प्लांटों में जांच की गई थी। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई थी। कारखाना अधिनियम के प्रावधानों को दरकिनार करने का मामला सामने आया था। इसके बाद प्रकरण तैयार कर श्रम न्यायालय में इन प्लांटों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण के तहत याचिका दायर की गई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद श्रम न्यायालय ने जिले के सात प्लांट प्रबधनों के खिलाफ फैसला सुनाते हुए 11 लाख 12 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

**खास बात**
- प्रबंधनों ने किया सुरक्षा मानकों को दरकिनार, अब भरना पड़ेगा जुर्माना



कारखाना अधिनियम के तहत हर प्लांट की जांच की जाती है। सुरक्षा मानकों को दरकिनार करने वाले प्लांटों के खिलाफ श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। सात प्लांटों को करीब 11 लाख 12 हजार का अर्थदंड से दंडित किया है।
**राहुल पटेल, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा**

### किसी का एक तो किसी की दो याचिका

कुछ प्लांट प्रबंधनों का पहले से ही श्रम न्यायालय में मामला दर्ज था। इसके बाद बीते सितंबर, अक्टूबर और एक मामला नवंबर में दर्ज किया गया था। सभी की सुनवाई एक साथ की गई है। अर्थदंड से दंडित करने के बाद प्रबंधनों में हड़कंप मच गया है। कारखाना अधिनियम 1948 के तहत कारखानों में श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। साथ ही सुरक्षा उपकरण जैसे जूते, दस्ताने, हेलमेट, फेस शील्ड जैसी सुविधाओं के साथ साफ पानी और अन्य सुविधाएं देना जरुरी है।

### इन प्लांटों पर लगाया गया अर्थदंड

सात प्लांटों पर इस अधिनियम के तहत दायर याचिका की सुनवाई की गई। इसमें नवदुर्गा फ्यूल को दो प्रकरणों में तीन लाख 90 हजार एनआर इस्पात को एक लाख 60 हजार, स्काई एलॉयज को दो लाख 40 हजार, सिंघल स्टील को 12 हजार, बीएस स्पंज को दो प्रकरण में दो लाख 10 हजार, शारडा एनर्जी को 50 हजार और जिंदल स्टील यूनिट 2 को 50 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## किरोड़ीमल-भूपदेवपुर रेल समपार फाटक आज से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायगढ़ द्वारा रेल लाइन के वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु किरोड़ीमल-भूपदेवपुर के मध्य स्थित रेल समपार फाटक क्रमांक-297 (किमी 599/17-19) को 12 और 13 नवम्बर को सुबह 08 बजे से शाम 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रखा जाएगा।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) रायगढ़ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में अप-डाउन थर्ड लाइन एवं जनसाधारण कोंडतराई का वार्षिक मरम्मत कार्य किए जाएंगे। मरम्मत कार्य के दौरान फाटक से आम जनता एवं वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। रेल प्रशासन ने नागरिकों की सुविधा के लिए समपार फाटक क्रमांक-298 (किमी 601/15-17) सड़क मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग करने की सलाह दी है।

साथ ही कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह मरम्मत कार्य रेल लाइन की सुरक्षा एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित रेल फाटक को पुनः सामान्य यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन को मिलेंगे 4 लाख रुपए

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम जोरण्डाझरिया निवासी स्व. सुकवारी बाई का ढोढ़ी के पानी में डूबने से 02 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनकी पुत्री मीना बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक 13 को

**जशपुरनगर।** सरगुजा संभाग के विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से संभागायुक्त कार्यालय, अम्बिकापुर में 13 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। कमिश्नर कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों के लंबित पेंशन प्रकरणों की सूची तैयार कर ली गई है। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित सभी लंबित पेंशन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं संपूर्ण विवरण बैठक से पूर्व कमिश्नर कार्यालय को उपलब्ध कराएं तथा निर्धारित तिथि को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहें।

### सूर्यघर बिजली योजना का मिल रहा लाभ

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य घर-घर में सौर ऊर्जा का उपयोग करके बिजली बिल में कमी लाना है। इस योजना के तहत, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी उपभोक्ताओं को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जाती है।सोलर प्लांट की क्षमता के अनुसार केन्द्र और राज्य शासन द्वारा अनुदान दिया जाएगा। जैसे कि 1 केव्ही प्लांट के लिए 45,000 रूपए। जिसमें केन्द्र का 30,000 और राज्य 15,000 अनुदान होगा। इसी प्रकार 2 केव्ही प्लांट के लिए 90,000 रूपए। इनमें केन्द्र का 60,000, राज्य का 30,000, 3 केव्ही प्लांट या अधिक के लिए 1,08,000 इनमें केन्द्र का 78,000, राज्य 30,000 अनुदान होगा। बैंक द्वारा लोन की सुविधा 3 केव्ही तक क्षमता के सोलर प्लांट के लिए 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए लोन उपलब्ध है, जिसका मासिक ईएमआई सामान्य मासिक बिल से कम है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मितानिन की मौत

**अम्बिकापुर।** बनारस रोड पेट्रोल पंप के समीप ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार मिलानीन की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं दंपति को मामूली चोटे आई। मितानीन गांव के ही गर्भवती महिला को उसके पति के साथ बाइक से शहर में सोनोग्राफी कराने के लिए आ रही थी। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम शिवसागरपुर निवासी मितानीन सुनिता राजवाड़े पति रमाशंकर राजवाड़े (35 वर्ष) आज दोपहर गांव के ही एक गर्भवती महिला को उसके पति साथ बाइक से सोनोग्राफी कराने शहर आ रही थी।

---

### "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पर पुलिस का विशेष आयोजन

# देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा पुलिस कार्यालय परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को जशपुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसने पूरे परिसर को मातृभूमि के गर्व और गौरव की भावना से भर दिया।

- वंदे मातरम" की गूंज, तिरंगे की गरिमा और देशभक्ति से सराबोर माहौल

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत की बैंड धुन से हुई। शांति भवन जशपुर के विद्यार्थियों की बैंड पार्टी ने जब "वंदे मातरम" की मधुर धुनें बजाईं, तो उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं गर्व से भर उठे। बैंड की स्वर-लहरियों ने माहौल को ऐसा बना दिया मानो हर धड़कन में देश का प्रेम झंकृत हो रहा हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में "वंदे मातरम"का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर एसएसपी सिंह ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत के बहुजनों को एक सूत्र में जोड़ने वाला मंत्र है। यह मातृभूमि के प्रति हमारी श्रद्धा, एकता और त्याग की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों की अनुशासित प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें सतत अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में एसएसपी सिंह ने शांति भवन बैंड पार्टी के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं प्रशंसा स्वरूप शुभकामनाएं दीं। सभी उपस्थितजनों ने पुनः एक स्वर में "वंदे मातरम" का गायन किया, जिससे पूरा पुलिस कार्यालय देशभक्ति के उत्साह और गौरव से गूंज उठा।






#### 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को किया याद

150 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए जशपुर पुलिस ने इस आयोजन के माध्यम से मातृभूमि के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्यभाव को पुनः पुष्ट किया।

#### वंदे मातरम का ऐतिहासिक महत्व

वंदे मातरम की रचना वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में यही गीत भारतीय जनमानस की प्रेरणा बना और आज भी राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और त्याग का प्रतीक है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मंजूलता बाज, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरा आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और गौरव का जीवंत प्रतीक बना।

---

### शराब के नशे में हैवान बना पति

# मामूली विवाद पर पत्नी को टांगी से मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के पंडरा पाठ क्षेत्र में रविवार की रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। शराब के नशे में धुत एक पति ने मामूली विवाद में अपनी ही पत्नी पर टांगी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग निकला, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।

घटना चौकी पंडरा पाठ अंतर्गत ग्राम कुरकुरिया की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लरंग राम उम्र 45 वर्ष अपनी पत्नी संतोषी बाई के साथ रविवार को पकरी टोली गया था। लौटते समय रास्ते में ग्राम शरधापाठ, अंबाकोना के पास मृतका ने खेत में काम करती एक परिचित महिला को देखा और उसे आवाज लगाई। इसी दौरान नशे में धुत लरंग राम आपा खो बैठा और पत्नी से झगड़ने लगा। देखते ही देखते बहस हिंसक रूप ले ली और आरोपी ने आवेश में आकर अपनी पत्नी पर टांगी से हमला कर दिया, जिससे संतोषी बाई की मौके पर ही मौत हो गई।



- जशपुर पुलिस ने आरोपी को दबोचा

#### पुलिस ने आरोपी को जंगल से किया गिरफ्तार, भेजा जेल

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी वारदात के बाद फरार था, लेकिन मुखबिर की सूचना पर शरधापाठ जंगल से पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त टांगी भी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

---

## एक ही जमीन को कई लोगों को बेचने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

### चेक बाउंस के 7 वारंट, आया पुलिस के शिकंजे में

**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस की ऑपरेशन अंकुश के तहत बड़ी कार्रवाई — लंबे समय से फरार चल रहा शातिर ठग कयूम अंसारी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस के 7 स्थायी वारंट न्यायालय द्वारा जारी किए गए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक कयूम अंसारी उम्र 47 वर्ष, निवासी चीर बगीचा जशपुर, जमीन के नाम पर लोगों से ठगी करने का आदी था। उसने एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों को दिखाकर उनसे एडवांस में रुपए वसूले, और जब पीड़ितों ने रुपए लौटाने की मांग की, तो उन्हें चेक थमा दिए। लेकिन बैंक में जमा करने पर सभी चेक बाउंस हो गए।

#### इन्होंने की थी शिकायत दर्ज

आरोपी के खिलाफ रूमाना अंसारी, मुकेश सोनी, शिवकुमार, विनीत पाठक, रत्नेश यदु और नेसार अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। इन मामलों में न्यायालय ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 7 स्थायी वारंट जारी किए थे।

#### ऑपरेशन अंकुश के तहत हुई गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज की और उसे चीर बगीचा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कयूम अंसारी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। ऑपरेशन अंकुश के तहत ऐसे सभी फरार वारंटियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

---

## बनई अंचल में गांजा खेती होने का भंडाफोड़

**राउरकेला।** बनई क्षेत्र में अवैध गांजा खेती के खिलाफ पुलिस वन विभाग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चलाए गए इस अभियान में लगभग 10 लाख रुपए मूल्य के गांजा पौधों को जलाकर नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई टिकायतपाली थाना क्षेत्र के भालुपानी पंचायत के बरघाट, झांडीसाही, अनानसाही, रांटसाही और उलसुरा गांवों में की गई, जहां लगभग डेढ़ एकड़ जमीन पर अवैध गांजा की खेती की जा रही थी। अधिकारियों के अनुसार, यह खेती संगठित रूप से की गई थी और इसके पीछे बाहरी राज्यों के गांजा तस्करों का नेटवर्क सक्रिय था। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि झारखंड के कुछ माफिया स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर आदिवासी परिवारों को प्रलोभन देकर इस अवैध काम में शामिल कर रहे थे। इस वजह से कई निर्दोष ग्रामीण अनजाने में इस गैरकानूनी गतिविधि का हिस्सा बन गए। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि आबकारी विभाग को इतनी बड़ी खेती की जानकारी पहले क्यों नहीं मिली, जबकि पौधे पूरी तरह विकसित हो चुके थे। अधिकारियों ने बताया कि आगे इस मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस आबकारी व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई
- मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जलाए गए 10 लाख रुपए मूल्य के पौधे

---

## दबंग युवक ने मानसिक रूप से विक्षिप्त अधेड़ की कर दी डंडे से पिटाई

### पैर की हड्डियों के हुए दो भाग, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

मानसिक रूप से विक्षिप्त अधेड़ एक व्यक्ति को डंडे से बेरहम पिटाई कर दी गई। जिससे उसके पैर की हड्डी के दो टुकड़े हो गए। पुलिस में शिकायत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक्सरे रिपोर्ट पर दायां पैर के घुटने के नीचे की हड्डी दो टुकड़े हो गये हैं। जबकि बायां पैर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें के निशान हैं। बरहाल पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर बेहतर उपचार के लिये डॉक्टरों की सलाह लेने की बात कही है।

- ग्रामीणों को पुलिस में शिकायत के नाम पर धमकाया

जानकारी के अनुसार कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरंगपानी निवासी मगन राम पैंकरा पिता शंकर पैंकरा ने दिनांक 5 नवंबर को लिखित शिकायत देकर बताया कि उनके भाई पीड़ति समन साय पैंकरा को मामूली बात से आहत होकर आरोपी डिलेश्वर पैंकरा गंदी-गंदी गालियां देकर हाथ में रखे बांस के डंडे से ताबड़तोड़ पिटाई कर लहुलुहान कर उसे बेहोशी के हालत में छोड़ दिया।शिकायत के आधार पर कोतबा पुलिस ने आरोपी डिलेश्वर पैंकरा के विरुद्ध धारा 296,351(2) 151(2) BSN के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़ति को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा भेजा गया। इधर पीड़ति की हालत देखकर चिकित्सकों ने पत्थलगांव रिफर कर दिया। गंभीर अवस्था को देखकर पत्थलगांव के डॉक्टरों ने उसे अम्बिकापुर भेज दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा हैं। वहा के डॉक्टरों ने एक्सरे और सीटी स्कैन कर देखा तो रिपोर्ट में पीड़ति के दायां पैर की हड्डी दो भागों में बटकर टूट गया है। जबकि माथे और शरीर के अन्य भागों में भी गंभीर चोटें आई है। बरहाल टूटे पैर को प्लास्टर कर अम्बिकापुर जिला चिकित्सालय में बेहतर उपचार किया जा रहा हैं।



#### पीड़ति के भाई ने बताई आपबीती

पीड़ति समन साय के भाई मगन साय ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह घटना दिनांक के दिन अपने प्रधानमंत्री घर मे काम करने गया था। शाम करीब 6 बजे लौटा तो देखा कि उसका भाई समन साय सड़क किनारे खून से लतपत बेहोशी के हालत में पड़ा हैं। तब उन्होंने उनकी मां और गांव के दिनेश पैंकरा नामक व्यक्ति के सहयोग से घर उठाकर ले गया। कुछ समय बाद जब पीड़ति को होश आया तो उसने घटित घटना को विस्तार से बताया उनका कहना था कि आरोपी सड़क को घेरकर अपनी बॉडी का घेरा लगा रहा था। इस बात को लेकर उसने कहा कि सड़क संकीर्ण होगा तो आवागमन सहित दुर्घटना घटित होगा। बस इतनी सी बात में आवेश आकर आरोपी ने पीड़ति को गालियां देकर हाथ में रखे बांस के डंडे बेरहमी से लहूलुहान होने तक पिटाई कर बेहोश कर दिया। पीड़ति के भाई ने बताया कि इस घटना को गांव के अन्य लोग भी देखें है। इसका समाधान करने गांव में बैठक भी आहूत हुई। लेकिन आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने बात कहते हुए फटकार लगाई जिसके बाद पीड़तिं ने पुलिस की शरण लेकर कार्रवाई की मांग की है।

#### कार्रवाई की जाएगी

घटना की शिकायत के बाद तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया हैं। पीड़ति के उपचार के लिए डॉक्टरों से सलाह लेने कही गई थी। अगर पैर टूट गए हैं या अन्य क्रिटिकल मामले डॉक्टर के रिपोर्ट में आते है तो कठोर व जटिल धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**-बृजेश यादव,** चौकी प्रभारी कोतबा

---

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को मिली नई दिशा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। इसी कड़ी में जिले के लिए वित्त विभाग ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति और सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है।



- कुनकुरी में 359 करोड़ की लागत से बनेगा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन

प्रदेश सरकार ने कुनकुरी में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 359 करोड़ की सैद्धांतिक सहमति दी है। इस महाविद्यालय की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर मिलेंगे, बल्कि आदिवासी अंचल के नागरिकों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुलभ होंगी। यह परियोजना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। वित्त विभाग ने जिले के विकासखंड कांसाबेल की मैनी नदी पर बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 79.38 रूपए करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। वहीं फरसाबहार तहसील क्षेत्र के कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए तुमला से मेडर (ओडिशा सीमा) तक 12.80 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य हेतु 27.73 रूपए करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, विकासखंड फरसाबहार की कोकिया व्यपवर्तन योजना के लिए 16.17 रूपए करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्र में जल प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था में दीर्घकालिक सुधार होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना, कृषि, सिंचाई और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नई योजनाएं साकार हो रही हैं।कुनकुरी एवं पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत ये परियोजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

### गोकुल अष्टमी पूजा महोत्सव आज सीएम साय होंगे शामिल

महाकुल यादव समाज के तत्वावधान में आयोजित गोकुलाष्टमी पूजा महोत्सव इस वर्ष अपनी शताब्दी वर्षगांठ पर विशेष रूप से मनाया जाएगा। यह ऐतिहासिक आयोजन 12 नवम्बर को बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ गोकुला धाम कंडोरा कुनकुरी में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु देव साय एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। आयोजन समिति ने बताया कि आस्था, एकता और संस्कृति का अद्भुत संगम आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है। गोकुलाष्टमी पूजा महोत्सव का यह शताब्दी वर्ष यादव समाज के लिए गर्व और श्रद्धा का अवसर होगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह आयोजन समाज की परंपरा, संस्कृति और भक्ति भावना का प्रतीक है।इस भव्य उत्सव में पूरे प्रदेश भर से हजारों श्रद्धालु और समाजजन शामिल होंगे।

- प्रदेशभर से जुटेंगे महाकुल यादव समाज के लोग

---

## घरजियाबथान महाकुल समाज के ग्रामीण अध्यक्ष निर्वाचित हुए रोहित

**पत्थलगांव।** इस समय छत्तीसगढ़ प्रदेश में महाकुल समाज के संगठन को मजबूत करने का कार्य अनवरत चल रहा है, इसी के अंतर्गत ग्राम घरजियाबथान में ब्लॉक अध्यक्ष पुरनोचंद्र बेहरा की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी महेश यादव जिला सदस्य दुर्योधन बेहरा, एवं विकासखंड के वरिष्ठ समाज सेवियों तथा समस्त ग्रामीण समाज के लोंगों की उपस्थिति में बैठक रखी गई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए खिरोधर बेहरा, एवं रोहित यादव ने दावेदारी कि , अंत मे मतदान की स्थिति निर्मित हुई, एवं 137 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें खिरोधर को 52 एवं रोहित को 85 मत प्राप्त हुए , परिणाम स्वरूप रोहित यादव को ब्लॉक अध्यक्ष ने ग्रामीण अध्यक्ष घोषित किया।



---

## सरगुजा संभाग ने जीता स्कूल क्रिकेट खेल का खिताब



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

25 व राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद 2025 जो कांकेर संभाग में संपन्न हुआ। जिसमें सरगुजा संभाग की टीम में फाइनल जीत कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ का नया चैंपियन भी बनी।

- जशपुर की खिलाड़ियों का रहा दबदबा

इस जीत में जशपुर के लूथरन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्लेयर्स का बहुत योगदान रहा। जिसमें आकांक्षा रानी झूमर तिर्की, अलका रानी कुजूर, निकिता बाई, अमीषा लकड़ा, जिज्ञासा कुजूर, अभिलाशी बड़ा, अविना बाई, गायत्री बाई दीपिका भगत, अंबिकापुर से अंशीका राज आर्यन और कुनकुरी से दो खिलाड़ी शामिल थे। इस टूर्नामेंट में सरगुजा संभाग के टीम की तरफ से खेलने वाले अधिकतरखिलाड़ी हमारे जशपुर ईचकेला के खिलाड़ी रहे जो एक साथ रहकर आखिरी तीन-चार वर्षो से लगातार प्रयास कर रहे हैं , लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। और उसी का आज हमें परिणाम देखने को मिल रहा है कि हमारे जशपुर के खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त किए है। और जशपुर जिले को गौरवान्वित किए हैं। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग दुर्ग संभाग, बस्तर संभाग और बिलासपुर संभाग जैसी बड़ी-बड़ी टीम को हराकर हमारी सरगुजा संभाग ने इतिहास रच दिया है. और गोल्ड पर कब्जा किया और साथ ही छत्तीसगढ़ का नया चैंपियन भी बना है।

---


### पिछले 22 महीनों में जिले में 22,805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन

# जशपुर ने मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की नीतियों एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जशपुर जिला आज मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

मत्स्य उत्पादन न केवल पोषण सुरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार सृजन का भी एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रदेश में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने हेतु शासन द्वारा निरंतर नवाचारों को अपनाया जा रहा है। किसानों को आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इन प्रयासों से मत्स्य उत्पादक किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं। पिछले 22 महीनों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्यवन से जिले में मत्स्य बीज स्पॉन उत्पादन 18.50 करोड़, मत्सय बीज स्टे.फ्राय उत्पादन 2.55 करोड़, तथा मत्स्य बीज संचयन 2.94 करोड़ तक पहुंच गया है। जिले में कुल 22,805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया। ग्रामीण स्तर पर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु 77.677 हेक्टेयर ग्रामीण तालाबों और 295.270 हेक्टेयर जलाशयों का पट्टा आबंटन किया गया। साथ ही 8 मछुआ सहकारी समितियों को शासन द्वारा नवीन योजना के अंतर्गत अनुदान स्वीकृत किया गया। मछुआरों के सामाजिक सुरक्षा के लिए 6,904 हितग्राहियों को मत्स्यजीवि दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 63 हितग्राहियों द्वारा मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन का लाभ दिया गया है। साथ ही सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग 817 लाभार्थियों ने 50 प्रतिशत अनुदान पर फिंगरलिंग क्रय कर संचयन कार्य किया है।



#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिला बल

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन क्षेत्र में नीली क्रांति लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य देश में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करना, मत्स्य निर्यात को दोगुना करना तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। यह योजना मछुआरों और मत्स्य पालकों को बुनियादी सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों तथा वित्तीय सहायता के माध्यम से सशक्त बनाती है। इसके अंतर्गत मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को आकस्मिक मृत्यु, स्थायी विकलांगता अथवा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में बीमा सुरक्षा भी प्रदान की जाती है। साथ ही मछली पालन को एक व्यवसाय के रूप में शुरू करने के लिए ऋण पर सब्सिडी प्रदान करता है।

#### दी जाती है अनुदान राशि

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनार्तगत हितग्राहियों को स्वयं की भूमि में तालाब, पोखर संवर्धन, पौंण्डर लाइनर के निर्माण हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हितग्राहियों एवं महिलाओं को 60 प्रतिशत तक एवं सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 40 प्रतिशत तक की अनुदान राशि प्रदान की जाति है। इस योजना के तहत जिले में 41 हेक्टेयर में स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण, 7.6 हेक्टेयर में संवर्धन पोखर निर्माण, और 11 बायोफ्लॉक पॉण्ड लाइनर इकाइयों की स्वीकृति दी गई है। साथ ही 162 हितग्राहियों को सेविंग कम रिलीफ योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त हुई है।

11-Novt- Jash-Coriya-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 11/11/2025 7:49 PM Page 1





# दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही जॉली एलएलबी-3

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की सुपरहिट फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। बॉक्स ऑफिस पर भी 'जॉली एलएलबी 3' ने शानदार कमाई की. दुनिया भर में इस फिल्म ने 162.88 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया, जबकि भारत में इसका कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपए रहा। अब जो लोग थिएटर में फिल्म नहीं देख पाए, उनके लिए खुशखबरी है। 'जॉली एलएलबी 3' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। यह फिल्म एक नहीं, बल्कि दो प्लेटफॉर्म्स नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style


# अनीत

### एग्जाम के बाद शुरू करेंगी शक्ति शालिनी की शूटिंग

लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले अनीत कॉलेज के फाइनल ईयर की परीक्षाएं देंगी और इसके बाद वो शूटिंग शुरू करेंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाईआरएफ के बाद अनीत मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में अपना जादू चलाने जा रही हैं, जो एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस साल सिनेमाघरों में धूम मचा चुकी लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटने जा रही हैं। हालांकि, इस फिल्म की शूटिंग से पहले अनीत पड्डा अपने कॉलेज के फाइनल ईयर के एग्जाम देने जा रही हैं। 'सैयारा' की सक्सेस के बाद से ही फिल्म के लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सफलता की वो बुलंदियां छू ली हैं, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े सितारों को काफी पापड़ बेलने पड़े हैं। अहान अपनी अगली फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ काम करने जा रहे हैं जो एक्शन और रोमांस से भरपूर होनेवाली है। वहीं, अनीत पड्डा अब एक हॉरर कॉमिडी फिल्म में कदम रखने जा रही हैं। अनीत जल्द ही एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में दिखने जा रही हैं जिसकी कहानी एक रहस्यमय देवी पर बेस्ड है, जो बुरी आत्माओं से लोगों की रक्षा करती है। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल में हैं और यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। 'भारत की जेन जी स्टार अनीत दिसंबर–जनवरी में अपने फाइनल-ईयर की परीक्षाएं देंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने 12 साल बाद गाया गाना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने 12 साल बाद सिंगिंग में कमबैक किया है, लेकिन अफसोस कि इस बार उनकी तारीफ से अधिक आलोचना हो रही है। एक्ट्रेस ने वॉम के क्लासिक 'लास्ट क्रिसमस' गाने का देसी वर्जन गाया है, जिसे सुन लोग इसे 'भयंकर ऑटोट्यून' और 'एकदम अजीब' बता रहे हैं। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा सिर्फ ग्लोबल एक्ट्रेस ही नहीं, सिंगर भी हैं। साल 2012 और 2013 में उन्होंने दो सिंगल सॉन्स रिलीज किए थे। दोनों को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।




# माइकल के टीजर ट्रेलर को मिले रेकॉर्ड तोड़ व्यूज

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं।



# दिखेगी सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा

**मुंबई।** महेश भट्ट की बेटी और निर्माता-निर्देशक पूजा भट्ट फिल्मों में फिर से वापसी कर रही हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कास्ट का जिक्र किया है। यह फिल्म भारत की पारंपरिक कबूतरबाजी प्रथा पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के एक्टर नजर आएंगे। पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।' पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी।



# सुनील के लाडले मराठी एक्ट्रेस को रहे डेट

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्म 'तड़प'से एक्टिंग डेब्यू किया था और वो जल्द ही पिता की फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अहान शेट्टी 'बॉर्डर 2' में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इन सबके बीच इन दिनों ये स्टारकिड अपनी डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी इन दिनों मराठी एक्ट्रेस जिया शंकर को डेट कर रहे हैं। हालांकि, कपल अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं करना चाहता था। वो दोनों अपने रिश्ते के शुरुआती दौर में हैं और अभी चीजों को प्राइवेट रखना चाहते हैं। लेकिन जिया कई मौकों पर इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। जिया शंकर ने भले ही अभी तक अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं किया है।

## टीवी मसाला



# अभिषेक के बाहर होते ही शहबाज ने अशनूर पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में हर दिन एक नया ड्रामा और एक नया समीकरण देखने को मिलता है। अभी अभिषेक बजाज और नीलम गिरी बाहर हुए ही थे कि अब घर के अंदर फिर से उन कंटेस्टेंट के बारे में चर्चा शुरू हो गई है, जो इस घर में रहना डिजर्व नहीं करते। यह चर्चा शुरू हुई शहबाज बादेशा और गौरव खन्ना के बीच। शहबाज ने जीके से पूछा, आपको क्या लगता है कौन इस घर में रहना डिजर्व नहीं करता। इस पर गौरव खन्ना कहते हैं, वही जो तुम्हें लगते हैं। फिर शहबाज क्लियर करते हैं तुम्हारा मतलब है मालती? इस पर फिर जीके हां में गर्दन हिलाते हैं। गौरव से यह सहमति मिलने के बाद शहबाज कहते हैं, मुझे लगता है कि अशनूर भी डिजर्विंग नहीं है। इस पर जीके कहते हैं, प्रणीत को लगता है कि अशनूर डिजर्विंगग है। लेकिन, जब शहबाज उनकी राय जानने पर जोर देते हैं तो जीके के दिल की बात सामने आती है और वह कहते हैं, ईमानदारी से बताऊं तो मुझे लगता है कि अशनूर से ज्यादा डिजर्विंग बजाज था। बता दें कि बॉटम-3 में अभिषेक बजाज, अशनूर कौर और नीमल गिरी थे। बिग बॉस ने प्रणीत मोरे को ये पावर दी कि वह किस एक सदस्य को बचाना चाहेंगे। इस पर प्रणीत ने अशनूर का नाम लिया और इस अनाउंसमेंट के बाद अगली अनाउंसमेंट यह थी कि अभिषेक बजाज और नीलम गिरी घर से बाहर हो रहे हैं। अभिषेक के एविक्शन के खबर पर अशनूर बुरी तरह रोती नजर आईं. उनका रोना भी लाजमी था क्योंकि इस पूरे सीजन उन्होंने केवल एक ही कंटेस्टेंट से इतनी गहरी दोस्ती बनाई थी। अब देखना होगा कि अशनूर के गेम में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

## सुपरहीरो 'शक्तिमान' की हो रही वापसी

**नई दिल्ली।** हमारे बचपन का पसंदीदा सुपरहीरो शो, शक्तिमान, एक बिल्कुल नए अवतार में लौट आया है। पॉकेट एफएम ने मुकेश खन्ना के साथ शक्तिमान रिटर्न्स नाम के एक स्पेशल 40-एपिसोड ऑडियो सीरीज में इस शो को वापस लाया है। शक्तिमान के रिवाइवल के बारे में बात करते हुए, मुकेश खन्ना ने कहा कि यह शो युवाओं में सच्चाई, निस्वार्थता और साहस की प्रेरणा देने के लिए बनाया गया है। मुकेश खन्ना ने कहा, ये मूल्य शाश्वत हैं। जब पॉकेट एफएम ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया तो मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड था कि ऑडियो के जरिए ये आदर्श कैसे जीवंत होंगे। लेकिन, जिस तरह से उन्होंने इसे एक नई कहानी के साथ, शक्तिमान की आत्मा को वैसा ही रखते हुए, फिर से क्रिएट किया है उसने मुझे सचमुच इम्प्रेस किया है। मुझे शक है कि कोई दूसरा प्रोडक्शन हाउस इस किरदार के साथ इतना न्याय कर पाता। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि शक्तिमान का सार जिंदा रखा गया है।



# 27 साल साथ निभाने वाले 'दादा' को खोकर भावुक हुए अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन के करीबी का निधन हो गया है। वो खास इंसान जो उनके साथ सालों से थे। अब उनके जाने पर एक्टर ने दुख जताया और पोस्ट भी शेयर किया। दरअसल, अभिषेक बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट अशोक सावंत का हाल ही में निधन हो गया। सोमवार को अभिनेता ने दुख व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अशोक सावंत के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि वे और अशोक पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से साथ काम कर रहे थे। उन्होंने लिखा, 'अशोक दादा ने मेरी पहली फिल्म से ही मेरा मेकअप किया है और वह सिर्फ मेरी टीम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि मेरे परिवार जैसे थे. उनके बड़े भाई दीपक करीब 50 साल से मेरे पापा का मेकअप कर रहे हैं।' अभिनेता ने बताया कि अशोक सावंत पिछले कुछ दिनों से बीमार थे, जिस कारण वे सेट पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने लिखा, "बीमार होने की वजह से वे सेट पर नहीं रहते थे, लेकिन जब भी मैं शूटिंग कर रहा होता, वे रोज मेरे हालचाल पूछते थे और ध्यान रखते थे कि उनका असिस्टेंट मेरा मेकअप सही से कर



रहा है या नहीं। वे बहुत दयालु और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वे अक्सर अपने बैग में रखी हुई स्वादिष्ट नमकीन निकालकर लोगों को बांटते थे। उन्होंने आगे लिखा, कल रात हमने उन्हें खो दिया. मैं अपनी आने वाली फिल्म का पहला शॉट देने से पहले हमेशा उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेता था। अब मैं शॉट से पहले आसमान की तरफ देखूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि आप ऊपर से मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं या नहीं। दादा, आपके प्यार, देखभाल, शालीनता, आपके हुनर और आपकी मुस्कान के लिए धन्यवाद।


# इस हफ्ते आ रहीं सस्पेंस-थ्रिलर और इमोशन से भरी फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** नवंबर का दूसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर इस बार आ रहा है रोमांच, रहस्य और भावनाओं का अनोखा मिश्रण। इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज में ऐसे कई नाम शामिल हैं, जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

***दिल्ली क्राइम सीजन 3*** : 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है दिल्ली क्राइम का सीजन 3। दिल्ली पुलिस की दमदार अफसर वर्तिका चतुर्वेदी एक बार फिर लौट रही हैं- इस बार एक ऐसे केस के साथ जो मानव तस्करी के नेटवर्क को उजागर करेगा। शेफाली शाह का किरदार फिर से केंद्र में है, जबकि हुमा कुरैशी इस बार एक रहस्यमयी विलेन के रूप में नजर आएंगी। यह सीजन पिछले दोनों सीजनों से ज्यादा डार्क और इमोशनल बताया जा रहा है। दिल्ली के दिल में बसने वाले इस अपराध की कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी।

***अविहितम*** : 14 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर यह फिल्म दस्तक दे रही है। मलयालम फिल्म 'अविहितम' में उत्तर केरल के एक छोटे गांव की कहानी दिखाई गई है, जहां दोस्तों का एक समूह घूमने जाता है और रास्ते में एक ऐसी घटना घटती है जो सबकी जिंदगी बदल देती है। गांव की रहस्यमयी पृष्ठभूमि और भावनात्मक ट्विस्ट से भरी यह फिल्म सामाजिक रिश्तों की परतें खोलती है। यह कहानी रूरल ड्रामा के साथ-साथ सस्पेंस का भी शानदार मिश्रण है।

***जुरासिक वर्ल्ड: रिबर्थ*** : जियो हॉटस्टार पर 14 नवंबर को आ रही है हॉलीवुड फिल्म जुरैसिक वर्ल्ड रिबर्थ।डायनासोर की दुनिया में एक बार फिर धमाकेदार वापसी होने वाली है।



कहानी एक फार्मा कंपनी के इर्द-गिर्द घूमती है जो डायनासोर के डीएनए से इंसानों की बीमारियों का इलाज ढूंढना चाहती है। लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम एक रहस्यमयी द्वीप पर पहुंचती है, तो शुरू होता है असली खतरा। सस्पेंस, साइंस और एक्शन का ये कॉम्बो फैंस के लिए बड़ा ट्रीट साबित होगा।

***आंटीप्रेन्योर*** : 13 नवंबर को शेमारूमी पर यह गुजराती फिल्म रिलीज हो रही है। 65 वर्षीय जसुबेन की कहानी आपको प्रेरित करेगी और मुस्कुराएगी भी। सुप्रिया पाठक कपूर इस गुजराती फिल्म में एक विधवा का किरदार निभा रही हैं जो अपनी हाउसिंग सोसाइटी बचाने के लिए महिलाओं के साथ मिलकर स्टॉक मार्केट में कदम रखती है। जसुबेन का संघर्ष और उनकी उद्यमशीलता की कहानी एक सशक्त महिला की मिसाल पेश करती है। ये फिल्म हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने कभी 'अब बहुत देर हो गई' कहा हो।

## शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में बनाई एक खास जगह

# आज भी हर घर में देखी जाती हैं धर्मेंद्र की ये पांच सुपरहिट फिल्में

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में हीमैन के नाम से फेमस धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। आपको बता दें उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती थी। धर्मेंद्र ने एक्शन के साथ-साथ कई रोमांटिक फिल्में भी की हैं और आज भी हर घर-घर में धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों को देखा जाता है।*

**आग ही आग** : धर्मेंद्र की ये फिल्म आग ही आग जो 1987 में रिलीज हुई थी और ये एक एक्शन फिल्म है, जिसको आज भी लोग देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। आपको बता दें ये उस समय की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।

**मेरा गांव मेरा देश** : मेरा गांव मेरा देश धर्मेंद्र की ये फिल्म 1971 में आई थी, जो उस समय की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक रही.फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और आज भी धर्मेंद्र की एक्टिंग को लोग खूब पसंद करते हैं।

**यमला पगला दीवाना** : साल 2011 में आई फिल्म यमला पगला दीवाना धर्मेंद्र की हिट फिल्म साबित हुई, लोगों के दिलों में इसके गाने और फिल्म दोनों ही खास जगह बनाएं हुए हैं।

**दोस्त** : धर्मेंद्र की 1974 में आई फिल्म दोस्त बॉक्स ऑफिस पर एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई. धर्मेंद्र के साथ हेमा मालिनी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस फिल्म में हैं।

**वतन के रखवाले** : धर्मेंद्र की फिल्म वतन के रखवाले 1987 की एक सुपरहिट फिल्म थी, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया और आज भी इसे हर घर-घर में देखना पसंद करते हैं।





### करोड़ों का है नेटवर्थ

धर्मेंद्र ने 300 फिल्मों के कॅरियर के साथ 335 करोड़ का अंपायर खड़ा किया है। इसके अलावा उन्होंने कई चीजों में निवेश भी किया है, जिनमें कलनरी से लेकर हॉस्पिटल फील्ड शामिल है। धर्मेंद्र ने गरम धरम ढाबा से रेस्टोरेंट बिजनेस शुरू किया था। उन्होंने एक और रेस्टोरेंट खोला, जिसका नाम हीमैन रखा, जो करनाल हाइवे पर है। सोशल मीडिया पर ही उन्होंने 100 एकड़ में बने फार्महाउस की झलक भी दिखाई है। यह शहर से दूर लोनावला में है, जिसमें स्वीमिंग पूल से लेकर एक्वा थैरेपी शामिल है। इसके अलावा धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ की महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी भी है।

### इक्कीस में इमोशनल अवतार में आएंगे नजर

धर्मेंद्र बॉलीवुड के शानदार एक्टर हैं। उनकी फिल्म इक्कीस 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के ही-मैन इमोशनल अवतार में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में उन्हें देखकर जमकर तारीफ भी हो रही है। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद 1960 के दशक से बॉलीवुड में अपनी धाक जमाए हुए हैं। 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत की और अब उनकी अपकमिंग फिल्म इक्कीस सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। अब जब उनकी फिल्म रिलीज होने जा रही है, इस बीच आप जानते हैं कि धर्मेंद्र की नेटवर्थ कितनी है।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा सुनने पहुंचे जिपं अध्यक्ष

**सरसीवा।** ग्राम अमलडीहा नवागांव केडार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा श्रवण करने एवं आशीर्वाद लेने जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, सांसद प्रतिनिधि अरुण गुड्डू यादव, जगन्नाथ के सारंगी मंडल अध्यक्ष दीपक साहू, रमेश तिवारी, चिंता साहू, साहब राम साहू, भारत राम साहू, ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा हमेशा जीत धर्म की होती है क्योंकि पांडवों के साथ श्री कृष्ण धर्म का साथ दे रहे थे और धर्म के साथ दुर्योधन कौरवों की सेना थीं।

### मैत्री नगर गेट के पास पकड़ाया 15 लीटर शराब

**पुसौर।** पुसौर पुलिस टीम ने लारा के मैत्री नगर के आगे अरविंद होटल के आस पास अरविंद सिंह चौहान पिता धनसिंह चौहान निवासी रियापाली से 15 लीटर कच्ची शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 2 हजार आंकी गई है। आरोपी अरविंद के खिलाफ धारा 34/2/59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### घरघोड़ा से तमनार तक आज निकलेगी पदयात्रा

**रायगढ़।** भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज यूनिटी मार्च निकलेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह आयोजन सरदार पटेल के योगदान, उनके दृढ़ नेतृत्व और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन जन तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास होगा। यह पदयात्रा घरघोड़ा के गायत्री मंदिर से प्रातः 9.30 बजे प्रारंभ होकर झरियापाली, देवगढ़, जरेकेला, बासनपाली होते हुए तमनार में संपन्न होगी। लगभग 12 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में प्रत्येक दो से ढाई किलोमीटर पर पड़ाव रखे गए हैं, जहाँ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा किया जाएगा।

### दिल्ली विस्फोट के बाद राउरकेला में हाई अलर्ट

**राउरकेला।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोटों के बाद देशभर में जारी सुरक्षा अलर्ट के मद्देनज़र राउरकेला पुलिस ने शहरभर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने सघन जांच अभियान और निगरानी व्यवस्था शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडए बाजार और होटलों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। वहींए प्रवेश और निकास मार्गों पर अतिरिक्त नाका प्वाइंट्स बनाकर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने रात के समय ब्लॉकिंग भी शुरू की है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नजर रखी जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कदम सावधानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और पुलिस जांच में सहयोग करें। राउरकेला पुलिस ने कहा कि शहर में शांति, सुरक्षा और जनविश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कलेक्टर भेजेंगे शासन को प्रपोजल, विभाग के अधिकारियों को दिया निर्देश

# दोस्त की जान बचाने वाले राकेश और आर्यन को मिल सकता है राज्य वीरता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खुद की जान की परवाह किए बिना दोस्त की जान बचाने वाले दों बालवीर को राज्य वीरता पुरस्कार मिल सकता है। इसके लिए कलेक्टर प्रस्ताव शासन को भेजेंगे। विभाग के अधिकारियों का प्रपोजल तैयार करने का निर्देश दिया है। यह घटना बीते 24 सितम्बर की है, जब लगातार बारिश के कारण उरांव पंडरीपानी प्राथमिक स्कूल के पास बालसमुंद नाले में पानी भर गया था। इसी दौरान खेलते खेलते 5 साल के बालक दादू मिंज नाले में गिर गया और डूबने लगा। उसी समय पास में मौजूद प्राथमिक शाला उरांव पंडरीपानी के छात्र राकेश मिंज और आर्यन खेस ने अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भय के नाले में कूदकर उसे बाहर निकाला। दोनों बच्चों ने साहस दिखाते हुए बालक को पानी से निकालकर प्राथमिक उपचार दिया, जिससे उसकी जान बच गई। इन बच्चों से मंगलवार को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भेंट किया। कलेक्टोरेट में दोनों साहसी बच्चों राकेश मिंज और आर्यन खेस से भेंट कर उनके अदम्य साहस की सराहना की। इन दोनों बच्चों ने अपने साहस और सूझबूझ से 5 वर्षीय बालक दादू मिंज को नाले के बहते पानी में डूबने से बचाकर उसकी जान बचाई थी। कलेक्टर ने दोनों बाल वीरों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा किए ऐसे साहसी बच्चे हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। कलेक्टर ने दोनों बच्चों के नाम राज्य वीरता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने तुरंत संबंधित अधिकारी को बच्चों को साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन बहादुर बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए हर संभव सहयोग करेगा।





दोनो बालवीर के कंधे पर स्नेह से हाथ रखे कलेक्टर और अधिकारियों के साथ बैठे बच्चे।

### दोनों बच्चों को मिलेगी साइकिल

मुलाकात के वक्त कलेक्टर ने दोनों बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत करते हुए जब पूछा कि उन्हें क्या चाहिए, तो उन्होंने मासूमियत से चॉकलेट की मांग की। कलेक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा कुछ और मांगों तो बच्चों ने हिचकिचाते हुए साइकिल की मांग की। कलेक्टर ने दोनों को साइकिल देने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## कोर्ट ने आरोपी को दिया 20 साल कारावास और अर्थदंड से किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



मंगलवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना- बरमकेला के अपराध में विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट में आरोपी नीलकंठ सिदार पिता पीलाबाबू सिदार भंवरपुर के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग बालिका को प्रेम करने और शादी का प्रलोभन देकर मोटर सायकल से अपने परिचित के घर ले जाकर लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया गया। जिसके संबंध में उनके परिजन के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिस पर थाना बरमकेला में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।

पीड़ित बालिका की उम्र 14 वर्ष होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आज आरोपी को भा.न्या.सं. की धारा-137 (2) के तहत 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है एवं धारा- 87 भा.न्या.सं. के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा- 04 (2) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा-5 (ठ)/6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु राज्य शासन से प्रतिकर भुगतान किए जाने की अनुशंसा की गई है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराधों के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी कार्यान्वयन को प्रभावित करता है।

## चार सूत्रीय मांगों का लेकर समिति कर्मचारी कर रहे आंदोलन



**कटेली।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोल न कर रहे हैं। इसके कारण धान खरीदी पर असर पड़ सकता है।

मांगों को लेकर हड़ताल करने वाले कर्मचारियों नें ज्ञापन सौंपा है। उनकी मांगों में मध्य प्रदेश की तर्ज पर प्रति वर्ष 3 लाख का प्रबंधकीय अनुदान, वेतन विसंगति और नियमितिकरण शामिल हैं। साथ ही सूखत राशि की मान्यता और सेवा नियमों में संशोधन शामिल हैए ताकि कर्मचारियों को उचित वेतनमान, पेंशन और भविष्य निधि जैसे लाभ मिल सकें। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि चार सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंनें धान खरीदी संचालित किया जाए लेकिन कर्मचारियों की वेतन जैसे मूलभूत सुविधाओं की मांग पूरा करने की मांग की। मांगों को जायज बताते हुए कहा कि जल्द निर्णय नहीं लिया तो धान खरीदी केंद्र नही और अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहने की बात कही।

### 100 बिस्तर अस्पताल स्वीकृत, अस्तित्व में अब तक नहीं आई

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया के पहल पर स्वीकृत 100 बिस्तर अस्पताल आज तक अस्तित्व में नहीं आई है। वर्तमान सरकार पर सवाल उठाते हुए पार्षद डॉ अख्तरी खान ने कहा कि वर्तमान सरकार 30 बिस्तर सहित सिविल अस्पताल परिसर में 100 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरमजयगढ़ को अस्तित्व में लाकर सुचारु संचालन करवाने में अब तक विफल रही है। जबकि चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विशेषज्ञ जैसे शिशु और बाल रोग विशेषज्ञ, प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, एनेस्थेटिक के पोस्ट के अलावा पैरामेडिकल, नॉनक्लिनिकल, पोस्ट भी स्वीकृत पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद भी अब तक न तो पदों को भरा जा सका है और न ही चिकित्सा, शल्य, रेडियोलॉजी से संबंधित उपकरण की व्यवस्था नहीं हुई।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**नवापारा छाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के आदेशानुसार 11 नवंबर को शासकीय कन्या हॉयर सेकेंडरी स्कूल धरमजयगढ़' में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया गए कि शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति ज्ञान कौशल मूल्यों और आदतों के बारे में सीखता है। और अपने जीवन में लागू करता है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने और समाज में योगदान करने में मदद करता है। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया। साइबर क्राइम मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके किया गया अपराध है। जिसमें हैकिंग, फिशिंग एपहचान की चोरी साइबर आतंकवाद, ऑनलाइन उत्पीड़न, ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध शमिल है।

### साइबर क्राइम से ऐसे करें बचाव

साइबर क्राइम से बचने के लिए मजबूत और विश्वसनीय पासवर्ड का उपयोग करें एवं समय समय पर बदलते रहे, अज्ञात लिंक, वेबसाइट या अटैचमेंट पर क्लिक न करें, अनजान ईमेल या संदेशों में अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा ना करें, मजबूत एंटीवायरस और मजबूत एंटी मैलवेयर सॉफ्टवेयर का उपयोग करें और उन्हे अपडेट रखें, उक्ताशय की जानकारी पीएलवी मौसमी शर्मा और सदानंद सिंह ने दी।



## साइकिल पाकर स्कूली छात्राओं के खिले चेहरे

**रायगढ़।** शासकीय हाईस्कूल सिथरा में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने विद्यालय की 24 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया।

इस अवसर पर सांसद श्री राठिया ने छात्राओं को मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अध्ययन करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो ग्रामीण अंचल की बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे समाज और देश का नाम रोशन करें। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों की मांग पर सांसद श्री राठिया ने विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैण्ड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। बालिकाओं ने साइकिल प्राप्त कर सांसद का आभार व्यक्त किया और बेहतर भविष्य के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

## सीमा पर जुए का अड्डा: परवा गांव में खुलेआम मुर्गा पाड़ा



**सुंदरगढ़।** ओड़िशा झारखंड सीमा पर अवैध जुए का कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। सुंदरगढ़ जिले के नुआगांव प्रखंड अंतर्गत हाथीबाड़ी थाना क्षेत्र से सटे झारखंड के जलडेगा थाना क्षेत्र के परवा गांव में बीते कुछ दिनों से मुर्गा पाड़ा और हब्बा डब्बा जैसे जुए के खेल खुलेआम चल रहे हैं। यह स्थान ओड़िशा सीमा से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर है, जिसके कारण बिसरा, बंडामुंडा, नुआगांव और राउरकेला क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मेहनत की कमाई को जुए में हारकर लौटने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे सामाजिक और आर्थिक दोनों ही स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। चिंताजनक बात यह है कि अब स्कूल कॉलेज के छात्र भी इस अवैध गतिविधि में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने सुंदरगढ़ के पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि हाथीबाड़ी थाना क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चलाया जाएए तो इस जुए पर रोक लगाई जा सकती है। ग्रामीणों ने झारखंड की डीजी तदाशा मिश्रा को भी लिखित शिकायत भेजकर परवा गांव में चल रहे इन जुए के अड्डों पर कठोर कार्रवाई और स्थायी प्रतिबंध की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो यह अवैध खेल सीमांत युवाओं को अपराध की राह पर धकेल सकता है।

### पुलिस ने किया मवेशी चोरी का खुलासा, चोर गिरफ्तार

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा पुलिस ने मवेशी चोरी के आरोपी को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने बकरी चोरी करने की बात स्वीकार की है। ग्राम अमलीडीह निवासी किसान किशन राठिया पिता स्व. आत्माराम राठिया 24 ने घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके पास 25 बकरी-बकरा हैं। जिन्हें वह अपने घर में बांधकर रखता है। 2 नवंबर की उसने सभी मवेशियों को बांधा था। अगले दिन 03 नवंबर की सुबह जब वह देखने गया तो 3 बकरी और एक बकरा गायब हैं। तीनों की कीमत 40 हजार आंकी गई। अज्ञात चोर ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और मवेशियों को चुरा ले गया। रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपी की पहचान रायगढ़ शहर निवासी मोह नावेद अली पिता मोह मतीम अली 29 निवासी वार्ड क्रमांक 10, चांदमारी पॉवर हाउस के रूप में की। पुलिस ने आरोपी को रायगढ़ से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया।



### शेड निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष रहे मौजूद



**धरमजयगढ़।** अमलीटिकरा में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के सहयोग सें दस लाख रुपए की लागत से बनने वाले शेड का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव एवं अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन के पूर्व मां से मन्नत मांगे थे मां ने हमारी अर्जी सुनी और हम लोग भी अपना वादा पूरा कर रहे हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती लीनव बिरजू राठिया, उपाध्यक्ष शिशु शशि पटेल, जनपद सदस्य श्रीमती मैना बाई राठिया, शासकीय मंदिर समिति अंबेटिकरा धरमजयगढ़ समिति के सचिव एवं प्रदेश में किसान मोर्चा उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, समिति सदस्य गोविंद साव एनीलमणि पटेल, शिव कुमार राठिया समेत जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहें। भूमिपूजन अंबेटिकरा मां भगवती मंदिर के पुजारी ने विधि विधान से किया।

## चलित थाना लगाकर दे रहे लोगों को समझाइश

# नावापारा में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर थाना क्षेत्र के 120 ग्रामों में पुसौर पुलिस द्वारा बीते कई महीनों से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शराब निर्माता, अवैध बिक्री और सरकारी शराब को ब्लैक करने वालों की पतासाजी की जा रही है। साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

क्षेत्र के टपरदा, बुनगा, लारा, बडे भंडार सहित दर्जनों गांवों में जनप्रतिनिधियों व आम जनता की उपस्थिति में चलित थाना लगाया गया। वहां अवैध शराब से जुड़े लोगों को बुलाकर समझाइस दी जा रही है। अब तक जहां जहां यह अभियान चलाया गया वहां से अब शराब निर्माण व बिक्री का मामला सामने नहीं आ रहा है। जानकारी के मुताविक क्षेत्र के नवापारा अ में जनप्रतिनिधियों की यह शिकायत रही कि उनके यहां महुआ शराब निर्माण कर बिक्री की जा रही है। जिससे कम उम्र के युवा इसके आदि हो चुके हैं। जिससे उनके स्वास्थ्य के साथ साथ उनकी माली हालत भी बिगड़ चुकी है। पुसौर पुलिस ने वहां नशे के खिलाफ अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में वहां के सरपंच सीमा साहू, पूर्व सरपंच महादेव चौहान सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान टीआई ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी स्थिति में उपयोग में नहीं लाया जाना चाहिए और खास कर युवाओं को अपने कॅरियर में ध्यान देना चाहिए। उन्होंने चल रहे साइबर क्राइम का भी हवाला देकर कहा कि कोई भी गंभीर वित्तीय जानकारी किसी से शेयर न करें। किसी अनजान मोबाइल नंबर के फोन कॉल अटेंड न करें। ऐसा करने पर आपका एकाउंट खाली भी हो सकता है। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपेयी व पदाधिकारी मनोरंजन साहू समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।







